
**रिश्वत, रंजिश और लाचारी** | फर्जी सीमांकन और मारपीट के बाद न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर, सबूत होने के बावजूद नहीं हो रही कार्रवाई

# पुश्तैनी जमीन बचाने के लिए सिस्टम से लड़ रहा किसान सुकरत दास





**मंडला 19 नबंवर नभाप्र.** प्रदेश सरकार भले ही सुशासन और किसानों के हितैषी होने का दावा करती हो, लेकिन जमीनी हकीकत अक्सर इन दावों की पोल खोल देती है। मंडला जिले से प्रशासनिक लापरवाही, भ्रष्टाचार और दबंगई का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला जनपद पंचायत मोहगांव के अंतर्गत ग्राम पंचायत झुरगी पौड़ी का है, जहां एक गरीब आदिवासी किसान अपनी ही पुश्तैनी जमीन को बचाने के लिए सिस्टम और समाज के प्रभावशाली लोगों से अकेले लोहा ले रहा है।

जानकारी अनुसार पीड़ित किसान सुकरत दास सोनवानी ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत में बताया कि हल्का पटवारी लाल सिंह उईके ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों के साथ सांठगांठ की और किसान के खेत का फर्जी सीमांकन कर दिया। आरोप है कि पटवारी ने जानबूझकर खेत के नक्शे में हेरफेर किया। किसान के खेत में जो सरकारी नाला स्थित है, उसे दस्तावेजों में खेत के बीचो-बीच दर्शा दिया गया। इस कागजी हेराफेरी का मुख्य उद्देश्य यह था कि गांव के रसूखदार लोग इस आड़ में किसान की पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जा कर सकें। यह मामला केवल एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि एक सुनियोजित षड्यंत्र प्रतीत होता है।

### रिश्वतखोरी के डिजिटल सबूत, फिर भी कार्रवाई नहीं

बताया गया कि इस पूरे प्रकरण का सबसे चौंकाने वाला पहलू पटवारी द्वारा की गई अवैध वसूली है। किसान का आरोप है कि सीमांकन को सही करने के नाम पर पटवारी ने उससे पांच हजार रुपये की मांग की। मजबूर किसान ने 3,500 रुपये नकद दिए और बाकी 1500 रुपये फोन पे के माध्यम से डिजिटल रूप से ट्रांसफर किए। किसान के पास इस डिजिटल लेनदेन का पक्का सबूत मौजूद है, जो भ्रष्टाचार के आरोपों की पुष्टि करता है। बावजूद इसके जब पटवारी से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बेहद गैर-जिम्मेदाराना बयान दिया कि खाते में पैसे आते रहते हैं, मुझे नहीं पता क्यों डाले गए।



### खेत में घुसकर किया तांडव और परिवार को दी धमकी

पटवारी की शह पर गांव के कुछ दबंगों ने कानून को अपने हाथ में ले लिया है। पीड़ित किसान सुकरत दास ने बताया कि गांव के कलिका प्रसाद, प्रेम भवेदी, दुर्गेश भवेदी, कंसु मरकाम, बिरसिंह मरकाम, फागू मरकाम, मिथलेश मरकाम, शिवकुमार मरकाम और दयाराम भवेदी ने उसकी गैरमौजूदगी में खेत में घुसकर फेंसिंग तोड़ दी और मेढ़ बंधान को उखाड़ फेंका। बरसात के समय से ही यह सिलसिला जारी है। जब भी किसान विरोध करता है, उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जाती है। इतना ही नहीं उसे डराने के लिए यह भी कहा जा रहा है कि यदि उसने जमीन नहीं छोड़ी, तो उसे एससी-एसटी एक्ट के झूठे मामले में फंसा दिया जाएगा।

### डर के साये में जीने को मजबूर परिवार

सुकरत दास का पूरा परिवार दहशत में है। जिस जमीन से उनके परिवार का भरण-पोषण होता है, आज उसी जमीन पर जाने से उन्हें रोका जा रहा है। चौकी चाबी और तहसील कार्यालय मोहगांव में कई बार शिकायतें देने के बाद भी स्थानीय स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हुई। वीडियो फुटेज, टूटी हुई फेंसिंग की तस्वीरें और रिश्वत के डिजिटल सबूत होने के बाद भी पुलिस और प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

### इनका कहना है

शिकायत के आधार पर जांच की जाएगी, चौकी चाबी को शिकायत फॉरवर्ड किया गया है, और चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि उचित जांच करे।

**रजत सकलेचा,**
पुलिस अधीक्षक मंडला

मैने किसी प्रकार की पैसे की मांग नहीं की है, मेरे खाते में अनेक तरह के पैसे आते रहते है, मुझे नहीं पता उन्होंने मेरे खाते में क्यों पैसे डाले है मैने कोई पैसे की मांग नहीं की है, ओर मैं फिर से सुकरात का सीमांकन करवा दूंगा। और गांव के लोगों को मैने नहीं बोला था तोड़फोड करने के लिए, उन्होंने खुद ही तोड़फोड़ किया है।

**लाल सिंह उईके,** पटवारी

# 9 राज्यों के 58 वॉलिंटियर्स ने तितली सर्वेक्षण में खोजीं रंग, बिरंगी प्रजातियां

कान्हा में चार दिवसीय तितली सर्वेक्षण संपन्न

प्रकृति के रंगों की खोज, कान्हा में तितली सर्वेक्षण संपन्न

पिछली बार मिली थीं 143 प्रजातियां



**मंडला 19 नबंवर नभाप्र.** विश्व प्रसिद्ध कान्हा टाइगर रिजर्व में तितलियों की प्रजातियों की पहचान और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लगातार चौथे वर्ष तितली सर्वेक्षण का आयोजन किया गया। 15 से 18 नवंबर तक चले इस चार दिवसीय सर्वेक्षण अभियान में देश भर के प्रकृति प्रेमियों ने हिस्सा लिया। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य तितलियों की प्रजातियों की गणना, अध्ययन और उनकी विविधता की जानकारी एकत्र करना था। कान्हा में इस सर्वेक्षण की खास बात यह रही कि इसमें महाराष्ट्र, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक समेत नौ राज्यों के 58 वॉलिंटियर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कान्हा प्रबंधन और वॉलिंटियर्स के आपसी सहयोग से इन प्रतिभागियों ने कान्हा टाइगर रिजर्व की सभी 13 रेंजों को कवर किया और वहां मौजूद तितलियों की प्रजातियों का गहन अध्ययन किया। वन विभाग के कर्मचारियों ने भी इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई।

### तैयार होगी विस्तृत रिपोर्ट

सर्वेक्षण के दौरान प्रतिभागियों द्वारा देखी गई तितलियों की जानकारी और उनकी तस्वीरें संकलित की जा रही हैं। इन आंकड़ों और तस्वीरों के विश्लेषण के बाद जल्द ही एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जो भविष्य में संरक्षण प्रयासों में मदद करेगी।

### विगत वर्ष खोजी थी 143 प्रजातियां

कान्हा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर रविंद्र मणि त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष का डेटा संकलन अभी प्रक्रिया में है, लेकिन वॉलिंटियर्स का उत्साह सराहनीय रहा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष के सर्वेक्षण में कान्हा टायगर रिजर्व के अंदर तितलियों की लगभग 143 प्रजातियां खोजी गई थी, जो यहां की समृद्ध जैव विविधता का प्रमाण है।

# विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस रखना शिव पुराण सिखाता है

## देवगांव संगम में महाशिव पुराण का चल रहा आयोजन



**मंडला 19 नबंवर नभाप्र.** देवगांव संगम में महाशिव पुराण की कथा का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार की कथा में पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले ने बताया कि चित्रभानु नामक एक शिकारी ने अनजाने में ही रात भर जगते हुए शिवजी के ऊपर बेल के पत्ते अर्पित किए जिसके पुण्य से वह शिवलोक में स्थान पा गया। शास्त्री जी ने बताया कि भगवान शिव बहुत ही भोले हैं वे आसानी से प्रसन्न हो जाते हैं। शास्त्री जी ने बताया कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है। भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गये है। बाबजूद शिव ने विवाह कर गृहस्थ आश्रम में रहकर वैराग्य धर्म का अनुसरण करने का तरीका दिया। कथावाचक ने कहा कि शिव परिवार में भगवान का वाहन नंदी, मां पार्वती का शेर, गणेश भगवान का मूषक और कार्तिकेय का वाहन मोर है। सभी विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस रखना शिव पुराण सिखाता है।

# पर्यटकों के लिए खुशखबरी-पीएमश्री हेली पर्यटन सुविधा से जुड़ेगा कान्हा नेशनल पार्क

जबलपुर से शुरू होगी सेवा, 35 मिनट में पहुंचेंगे पर्यटक

बांधवगढ़ और कान्हा के लिए हेली जॉय राईड शुरू



**मंडला 19 नबंवर नभाप्र.** मध्यप्रदेश पर्यटन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देने के लिए शुरू की गई पीएमश्री हेली पर्यटन सुविधा से अब विश्व प्रसिद्ध कान्हा नेशनल पार्क और बांधवगढ़ नेशनल पार्क सीधे जुड़ गए हैं। यह सेवा पर्यटकों को कम समय में इन स्थानों तक पहुंचने में सहायक होगी, जिससे वन्यजीव प्रेमियों के लिए यात्रा का अनुभव और भी सुगम और विलासितापूर्ण हो जाएगा।

जानकारी अनुसार मप्र में शुरू की गई पीएमश्री हेली पर्यटन सुविधा से बांधवगढ़ और कान्हा नेशनल पार्क को जोड़ा गया है। यह सेवा पर्यटकों को कम समय में इन स्थानों तक पहुंचने में सहायक होगी। सेवा की शुरूआत जबलपुर से की जायेगी। हेलीकॉप्टर प्रातः 10 बजे जबलपुर एयरपोर्ट से भेड़ाघाट हेलीपेड के लिए उड़ान भरकर 10:20 मिनिट पर भेड़ाघाट पहुंचेगा। भेड़ाघाट से 10:30 मिनिट पर रवाना होकर 11:15 पर बांधवगढ़ के गुरूवाही हेलीपेड पर लैंड करेगा। यहां 20 मिनिट की बांधवगढ़ जॉय राईड कर 11:45 पर वापस गुरूवाही हेलीपेड पहुंचेगा।

गुरूवाही हेलीपेड से हेलीकॉप्टर पुनः कान्हा नेशनल पार्क के लिए 12:05 मिनिट पर उड़ान भरेगा तथा 12:35 बजे मंडला एयरस्ट्रिप पर लैंड करेगा। यहां 20 मिनिट की कान्हा जॉय राईड के बाद अपरान्ह 1:05 बजे वापस मंडला एयरस्ट्रिप पर पहुंचेगा। वापस कान्हा से 1:15 बजे गुरूवाही हेलीपेड के लिए रवाना होगा। यहां 1:45 बजे पहुंचकर पुनः 1:55 बजे जबलपुर के लिए प्रस्थान करेगा।

# पति को बचाने दौड़ी पत्नी, नदी में करंट की चपेट में आने से दोनों की मौत

## थावर नदी में मोटर निकालते समय फैला करंट, दंपती की दर्दनाक मौत, गांव में पसरा मातम



**मंडला 19 नबंवर नभाप्र.** जिले की नैनपुर तहसील के ग्राम अतरिया में बुधवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। यहां थावर नदी में मोटर निकालते समय करंट फैलने से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई। पति को करंट की चपेट में देख पत्नी उसे बचाने दौड़ी थी, लेकिन वह भी हादसे का शिकार हो गई। इस घटना के बाद से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

पिंडरई पुलिस चौकी प्रभारी राजकुमार हिरकने ने बताया कि मृतक राधे कुलस्ते 36 वर्ष और उनकी पत्नी सीमा कुलस्ते 30 वर्ष ग्राम अतरिया के निवासी थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बुधवार सुबह राधे नदी में लगी मोटर और मशीन को हटाने के लिए पानी में उतरे थे। इसी दौरान मशीनरी में तकनीकी खराबी आने से पानी में अचानक करंट फैल गया। राधे को तड़पता देख किनारे पर मौजूद उनकी पत्नी सीमा उन्हें बचाने के लिए पानी में कूदीं, लेकिन वे भी तेज करंट की चपेट में आ गईं। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलते ही पिंडरई पुलिस मौके पर पहुंचा। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला और पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए नैनपुर अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि विद्युत प्रवाह में लीकेज कैसे और कहां से हुआ।

# परियोजना अधिकारी ने किया एसआईआर के कार्य का निरीक्षण



**मंडला 19 नबंवर नभाप्र.** मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 का कार्य जिले में किया जा रहा है। नारायणगंज परियोजना अधिकारी संजीव मोहर ने क्षेत्र का दौरा किया। यहां उन्होंने मतदान केंद्र चौकी, टिकरिया, सलैया, माढ़ोगढ़ एवं सिकोसी का भ्रमण कर एसआईआर की जानकारी ली, बीएलओ से गणना पत्रक वितरण और संकलन के संबंध में चर्चा करते हुए, संकलन की गति तेज करने के निर्देश दिए।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत 24 घंटे में लापता दो बालिकाएं दस्तयाब

## दो परिवारों में लौटी खुशियां, नैनपुर पुलिस ने लापता बालिकाओं को सकुशल खोज निकाला

**मंडला 19 नबंवर नभाप्र.** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत मंडला पुलिस को एक बड़ी मानवीय सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए थाना नैनपुर क्षेत्र से लापता हुई दो नाबालिग बालिकाओं को महज 24 घंटे के भीतर सकुशल खोज निकाला और उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बताया गया कि विगत दिवस 17 नवंबर को थाना नैनपुर में दो नाबालिग बालिकाओं के लापता होने की सूचना दर्ज कराई गई थी। मामले की संवेदनशीलता और बालिकाओं की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा ने तुरंत विशेष पुलिस टीमों के गठन का निर्देश दिया।

इस अभियान का पर्यवेक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा द्वारा किया गया, जबकि एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी निरीक्षक बलदेव सिंह मुजाल्दा के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने तलाश शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने रात-दिन एक कर दिया। बताया गया कि रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर ही 18 नवंबर की रात करीब 11 बजे पुलिस ने दोनों बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर लिया। कानूनी प्रक्रियाओं के बाद बालिकाओं को सुरक्षित उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

इस सफलता में नैनपुर पुलिस टीम की भूमिका अहम रही। टीम में उप निरीक्षक केके विश्वकर्मा, विनोद साव, हरछट ठाकुर, आरक्षक अक्षय भलावी, संजू भालेकर, महिला आरक्षक सुमन, गीता यूवनाती, आरक्षक कंकुल, सूर्यचंद बघेल और सुरेश भटेरे शामिल थे।

# धर्म, समाज और संस्कृति की रक्षा हम सभी का दायित्व : लक्ष्मण सिंह

## मंडला में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का तृतीय दिवस






**मंडला 19 नबंवर नभाप्र.** जिला मुख्यालय के कुंभ स्थल में आयोजित विराट 108 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ के तृतीय दिवस पर मुख्यमंत्री कार्यालय मप्र शासन के एडिशनल सेक्रेटरी लक्ष्मण सिंह मरकाम मुख्य रूप से शामिल हुए। गायत्री परिवार ने पुष्पमाला और शॉल-श्रीफल भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। मंच से अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री मरकाम ने कहा कि धर्म, समाज और संस्कृति की रक्षा और सुरक्षा हम सभी का दायित्व है। उन्होंने नर्मदा तट पर आयोजित इस विशाल यज्ञ के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यज्ञ में सहभागिता करने वाले परिवार हमेशा निरोगी और खुश रहते हैं। उन्होंने माँ गायत्री की महाआरती की और हज़ारों की संख्या में दीपदान किया। लक्ष्मण सिंह मरकाम ने मंडला आगमन पर सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने मंडला को माँ नर्मदा की नगरी और ऐतिहासिक पहचान के कारण राष्ट्रीय स्तर की नगरी बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें मंडला के विकास के लिए लगातार काम कर रही हैं। साथ ही, उन्होंने जनजातीय समूह के लोगों से समाज में महत्वपूर्ण योगदान देकर उन्हें मुख्यधारा में लाने का आग्रह किया। इस महायज्ञ में दूर-दूर से आए हज़ारों गायत्री परिवार के परिजनों ने आहुति दी। कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रातः 6 से 7.30 बजे तक सामूहिक जप, ध्यान, प्रज्ञा योग प्रातः 8 से 11 जे तक संस्कार परंपरा गायत्री महायज्ञ एवं वैदिक संस्कार दोपहर 2 से कार्यकर्ता गोष्ठी, 3 बजे तक अनुयाज कार्यक्रम दोपहर 3 से 6 बजे तक अखण्ड दीप एवं वंदनीया माताजी जन्म शताब्दी संकल्प दीप महायज्ञ यज्ञ किया गया। इस दौरान नामकरण, मुंडन, विद्यारंभ जैसे वैदिक संस्कार निःशुल्क संपन्न कराए गए।

# आंगनबाड़ी सहायिका पद पर हुई दूसरी महिला की नियुक्ति, देवकली ने कलेक्टर से लगाई गुहार

## बीपीएल नंबर ना जुड़ने से नियुक्ति से वंचित हुई पात्र महिला



**मंडला 19 नबंवर नभाप्र.** मोहगांव विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़झर के पोषक ग्राम उमरडीह कोटवार टोला आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका पद पर पात्र होने के बावजूद देवकली सैयाम को नियुक्ति नहीं मिल सकी। इसका एकमात्र कारण था कि चयन सूची में उनका गरीबी रेखा का नंबर नहीं जोड़ा गया, जिसके चलते उनका नाम मेरिट सूची में दूसरे स्थान पर आ गया और किसी अन्य आवेदिका को नियुक्ति दे दी गई।

जानकारी अनुसार उमरडीह निवासी देवकली सैयाम गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार से हैं और उन्होंने आवश्यक कागजातों के साथ सहायिका पद के लिए आवेदन किया था। देवकली का कहना है कि उन्होंने ऑनलाइन आवेदन भरते समय आवश्यक कागजातों के साथ गरीबी रेखा का कार्ड भी संलग्न किया था।

बताया गया कि चयन सूची जारी होने पर जब उन्होंने देखा कि बीपीएल नंबर नहीं जुड़ा है, तो वे तत्काल मोहगांव परियोजना कार्यालय पहुँचीं। वहाँ जिम्मेदार कर्मचारी ने उन्हें बताया कि आवेदन में बीपीएल नंबर लिखा नहीं होने के कारण उनका नाम चयन सूची में पहले नंबर पर नहीं आया।

### कलेक्टर और डीपीओ से की नियुक्ति दिलाने की मांग

इस प्रशासनिक त्रुटि के कारण अपनी नियुक्ति से वंचित होने के बाद देवकली अब न्याय की तलाश में हैं। उन्होंने कलेक्टर और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय में आवेदन दिया है। अपने आवेदन में देवकली ने गरीबी रेखा का नंबर जोड़कर पात्रता के आधार पर उन्हें आंगनबाड़ी सहायिका पद पर नियुक्ति दिलाने की मांग की है। देवकली को यह समस्या परेशान कर रही है कि सारे जरूरी कागजातों का विवरण ऑनलाइन आवेदन में भरवाए जाने के बावजूद बीपीएल नंबर क्यों नहीं जोड़ा गया। वह अब नियुक्ति पाने के लिए अधिकारियों से गुहार लगा रही हैं।

# दयोदय गौशाला में भारतीय किसान संघ का विस्तार, गौ-पालन को बताया समय की मांग



भारतीय किसान संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

दिलीप चंद्रावल बने तहसील अध्यक्ष, जैविक खेती पर दिया जोर

**मंडला 19 नबंवर नभाप्र.** भारतीय किसान संघ की जिला एवं तहसील इकाई की बैठक दयोदय गौशाला एवं हथकरघा केंद्र आमानाला में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, साथ ही पुरानी मंडला तहसील कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत गौ-माता के पूजन से हुई। मुख्य अतिथि विभाग प्रचारक पंकज जी ने अपने उद्बोधन में गौ-पालन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार में गौ-पालन से न केवल दूध और घी जैसे शुद्ध उत्पाद मिलते हैं, बल्कि जैविक खाद की उपलब्धता से खेती भी समृद्ध होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाकौशल प्रांत संगठन मंत्री श्री तुलाराम ने जैविक खेती को बढ़ावा देने की वकालत की। उन्होंने कहां कि किसानों का संगठित होना ही उनकी समस्याओं का एकमात्र समाधान है। वहीं विशिष्ट अतिथि संभागीय संगठन मंत्री ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से किसानों का शोषण होता आया है, लेकिन आज एकजुटता ही किसानों की सबसे बड़ी शक्ति है, जिससे प्रशासन और शासन को जगाया जा सकता है।

### नई जिम्मेदारियों की घोषणा

बैठक के दूसरे सत्र में जिला अध्यक्ष श्रीराम सिंधिया ने जिला कार्यकारिणी के विस्तार की घोषणा की। इसमें डॉ. प्रिया धुर्वे को जिला महिला प्रमुख और पं. प्रदीप तिवारी को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। श्रीमती बबीता अधिकारी को सह जिला महिला प्रमुख और पूर्व तहसील अध्यक्ष राजा पटेल को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इसके साथ ही नई तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से दिलीप चंद्रावल को अध्यक्ष और सिद्धार्थ अग्निहोत्री को उपाध्यक्ष चुना गया। पं. आलोक वाजपेई को तहसील मंत्री, अधिवक्ता पूनम चौरसिया को तहसील महिला प्रमुख और रोहन जैन को तहसील जैविक प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। आयोजित बैठक में जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश गिरी गोस्वामी, जिला मंत्री अरविंद पटेल, दिलीप चौरसिया, राधेश्याम रघुवंशी, अशोक दुबे, अभिषेक कछवाहा, प्रकाश रघुवंशी और कृष्णा रजक सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सफलता का मंत्र** | पुलिस कंट्रोल रूम और 35वीं बटालियन में कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

# पुलिस परिवार के बच्चों को मिला कॅरियर का नया विजन, रुचि के अनुसार चुनें अपना लक्ष्य



**मंडला 19 नबंवर नभाप्र.** पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देशन में पुलिस परिवार के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को आकार देने के उद्देश्य से एक विशेष पहल की गई। जिला पुलिस कंट्रोल रूम और 35वीं बटालियन में करियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को करियर चयन और जीवन प्रबंधन के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध शिक्षाविद और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. अनिल उपाध्याय उपस्थित रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा की विशेष उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में डॉ. अनिल उपाध्याय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि करियर का चुनाव हमेशा अपनी रुचि के अनुसार करना चाहिए। उन्होंने बच्चों में सकारात्मक सोच, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण, कड़ी मेहनत और समय प्रबंधन जैसे गुणों को विकसित करने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों की मदद के लिए फ्री ऑनलाइन क्लास और आवश्यकतानुसार ऑफलाइन क्लास की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा भी की।

### आयोजित हुआ मोटिवेशनल सत्र

कंट्रोल रूम के साथ ही 35वीं बटालियन परिसर में भी इसी तरह का मोटिवेशनल सत्र आयोजित किया गया। यहाँ भी बड़ी संख्या में पुलिस परिवार के बच्चे शामिल हुए और विशेषज्ञ मार्गदर्शन का लाभ उठाया। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम में जिला पुलिस से गैलेंद्र नागेश, कमलेश मरावी, नीरज दूबे, कमलेश पटेल, लाभ सिंह सहित एसपी ऑफिस के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं 35वीं बटालियन के कार्यक्रम में उप सेनानी प्रदीप शेंडे, बल्लभ सैयाम, इन्द्र सिंह परस्ते, सहायक सेनानी शैलेंद्र सिंह ठाकुर, बलबीर सिंह, देवेंद्र शर्मा और रुचिता चतुर्वेदी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।